


## न्यूजीलैंड के लिए अब कुछ खास हासिल करने का समय हैः मैककुलम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैककुलम ने कहा कि न्यूजीलैंड भाग्यशाली था कि वह 2019 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने में कामयाब रहा लेकिन उसके लिए अब कुछ विशेष हासिल करने का समय है। इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच मैकुलम ने एक पोडकास्ट में कहा, मुझे पता है कि पिछले साल वे वर्ल्ड चौम्पियन बनने के बहुत करीब आ गए थे, लेकिन मुझे लगा कि वे थोड़े भाग्यशाली थे कि उस स्थिति में पहुंच सकें। पिछले साल जुलाई में विश्व कप के बेहद ही रोमांचक फाइनल के सुपर ओवर के टाई होने के बाद भी न्यूजीलैंड को इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, श्मुझे लगता है कि वे वास्तव में कुछ विशेष करने के करीब हैं। केन विलियमसन की कप्तानी और कुछ अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में ऐसा कोई कारण नहीं है कि वे अच्छा नहीं करें।

# दीपक चाहर पर काफी निर्भर करते हैं महेंद्र सिंह धोनीः अजीत आगरकर

**क्रिकेट**

## चेन्नै की टीम कई तरह की मुश्किलों का सामना कर रही है

### प्रैक्टिस मैच खेलने से चाहर फायदा होगा और वह मैच के लिए तैयार होंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुरेश रैना और हरभजन सिंह की गैरमौजूदगी में तीन बार की चौंपियन टीम चेन्नै सुपर किंग्स के लिए थोड़ी मुश्किल तो बढ़ी है। ऐसी परिस्थिति में टीम के मौजूदा खिलाड़ियों पर दारोमदार काफी बढ़ गया है। यूएई पहुंचने के साथ ही चेन्नै की टीम कई तरह की मुश्किलों का सामना कर रही है।

रैना और हरभजन सिंह के हटने के अलावा दल के 13 सदस्य–जिसमें दो खिलाड़ी शामिल थे–कोरोना वायरस की चपेट में आ गए। हालांकि इसमें से 11 रिकवर हो चुके हैं लेकिन एक रुतराज गायकवाड़ को एक बार फिर कोविड–19 के टेस्ट से गुजरना पड़ेगा। वह टीम के शुरुआती दो मैच मिस करने पड़ेंगे।



तेज गेंदबाज दीपक चाहर भी कोरोना वायरस से पीड़ित थे लेकिन वह रिकवर हो गए। साल 2018 में आईपीएल में वह सबकी नजर में आए। इसके बाद उन्होंने भारतीय टीम में भी जगह बनाई। हालांकि वह फिट हो चुके हैं लेकिन टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत आगरकर उनकी फिटनेस को लेकर फिक्रमंद हैं। आगरकर का लगता है कि चाहर को तैयारी करने का पूरा वक्त नहीं मिला है। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी चाहर पर काफी निर्भर करते हैं और ऐसे में उनकी फिटनेस काफी मायने रखती है।

स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड में आगरकर ने कहा, जहां तक चाहर की बात है, मैं जानता हूं कि धोनी उन पर काफी निर्भर करते हैं। नई गेंद से शुरुआत करनी हो या पारी के अंत में लेकिन जब आपने काफी वक्त से क्रिकेट नहीं खेला होता है, जैसाकि इन खिलाड़ियों ने नहीं खेला है, ऊपर से इन्हें कोरोना पॉजीटिव होने के बाद अतिरिक्त समय क्वॅारनटीन में गुजारना पड़ा, आपको तैयारी करने का काफी कम वक्त मिलता है। आगरकर ने आगे कहा, लेकिन उम्मीद है कि फिटनेस का स्तर अच्छा होगा, यह अपने स्किल्स को ठीक करने और कुछ गेंदबाजी करने की बात है। मैं आशा करता हूं कि प्रैक्टिस मैच खेलने से उन्हें फायदा होगा और वह मैच के लिए तैयार होंगे।

## भारत से क्रिकेट खेलने का कोई इरादा नहीं है, पहले वे हमसे राजनीतिक मतभेद दूर करें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चिर–प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच जब क्रिकेट मैच खेला जाता है तो मैच का रोमांच अपने चरम पर होता है। लेकिन दोनों देशों के बीच बीते 8 साल से कोई भी द्विपक्षीय सीरीज आयोजित नहीं हुई है। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुखिया अहसान मनी ने संकेत दिए हैं कि दोनों देशों के बीच आने वाले कुछ सालों में भी संभव नहीं है।



मनी ने कहा कि उनका कोई इरादा नहीं है कि वह बीसीसीआई के साथ भारत–पाकिस्तान के क्रिकेट खेलने को लेकर बात करें। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों देशों के बीच राजनीतिक मतभेदों का हल नहीं निकलता है तब तक दोनों देशों के बीच क्रिकेट शुरू होने का सवाल ही नहीं है। मनी ने माना कि उन्होंने बीसीसीआई के सामने कई बार दोनों देशों के बीच सीरीज खेलने का प्रस्ताव रखा था लेकिन हर बार वह निरर्थक साबित हुआ। आईएएनएस ने पाक क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष के हवाले से लिखा है, शफिलहाल हमारा भारत के साथ कोई भी टी20 लीग खेलने की योजना नहीं है। पहले, उन्हें हमारे साथ द्विपक्षीय (राजनीतिक) संबंधों को हल करना होगा, तब हम बात करेंगे।

बता दें आखिरी बार पाकिस्तान की टीम साल 2012 –13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय सीरीज खेलने भारत आई थी। इसके बाद दोनों देशों में किसी प्रकार की सीरीज का आयोजन नहीं हुआ है। दोनों देश तब से सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट्स में ही एक–दूसरे के खिलाफ खेलते नजर आते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच बीते 14 साल से कोई टेस्ट सीरीज का आयोजन भी नहीं हुआ है।

## गंभीर ने चुना आईपीएल में धमाल मचाने वाले युवा बल्लेबाज को

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 के शुरु होने में अब महज कुछ दिन बचे हैं। दिग्गज भारतीय ओपनर गौतम गंभीर ने उस एक युवा बल्लेबाज का नाम बताया है जिसके इस साल अच्छा करने की उनको उम्मीद है। फ्रेंचाइजी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में टूर्नामेंट का विजेता बनाने वाले गंभीर ने वेस्टइंडीज की टीम के युवा निकोलस पूरन के इस साल चमकने की भविष्यवाणी की है। किंग्स इलेवन पंजाब की टीम का हिस्सा पूरन की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए गंभीर ने कहा कि उनके पास हर तरह से शॉट्स हैं। पूर्व भारतीय ओपनर ने उनकी तुलना रॉयल चैलेंजर्स बेंगोलर की तरफ से खेलने वाले साउथ अफ्रीका का दिग्गज एबी डिविलियर्स से कर दी। गंभीर का मानना है कि पूरन भी मिस्टर 360 डिग्री डिविलियर्स की तरह कामयाब होंगे। गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड पर कहा, ष्मेरे लिए तो निकोलस पूरन वो युवा खिलाड़ी हैं जिसको इस आईपीएल में देखना चाहूंगा। हम एबी डिविलियर्स के बारे में 360 डिग्री खिलाड़ी के तौर पर बात करते हैं लेकिन निकोलस पूरन के पास हर तरह से शॉट्स हैं।

## न्यूज डायरी




### इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया– इस हार को पचाना मुश्किलः पैट कमिंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस (च्ंज ब्नउउपदे) ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में दो बार जीत के करीब पहुंचकर मिली हार को पचाना बहुत मुश्किल है। इंग्लैंड ने 8 विकेट 149 रन पर गंवाने के बाद 9 विकेट पर 231 रन बनाए। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने शानदार शुरुआत करके दो विकेट पर 144 रन बना लिए थे लेकिन पूरी टीम 207 रन पर ऑल आउट हो गई। तीन मैचों की सीरीज अब 1–1 से बराबर है। कमिंस ने कहा, मैं इस मैच के फुटेज देखूंगा। हमें 40वें ओवर तक लगा था कि मैच हमारी गिरफ्त में है लेकिन फिर पासा पलट गया। हमें उन्हें 200 रन पार करने देना नहीं चाहिए था। उन्होंने कहा, इस हार को पचाना मुश्किल है। हमने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन आखिरी 10 ओवर में अतिरिक्त 40–50 रन दे दिए। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम को इस तरह की पिचों पर बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि 2023 में भारत में वर्ल्ड कप में ऐसी ही पिचों से सामना होगा।

### जोफ्रा आर्चर की ऐसी गेंद जिसका स्टॉयनिस के पास नहीं था कोई जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। इंग्लैंड ने तीन वनडे इंटरनैशनल मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हरा दिया। ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 231 का स्कोर बनाया लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम 48.4 ओवर में 207 रन पर ऑल आउट हो गई। इंग्लैंड की जीत में उसके तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अहम भूमिका निभाई। डेविड वॉर्नर को जोस बटलर को आउट कराने के बाद आर्चर ने मार्कस स्टॉयनिस को आउट कर दिया। यह एक शानदार गेंद थी जिसका जवाब स्टॉयनिस के पास नहीं था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 232 का स्कोर बहुत ज्यादा नहीं होना चाहिए था लेकिन इंग्लैंड की गेंदबाजी ने इसे असंभव बना दिया। इंग्लैंड ने आखिरी बार 2015 में अपने घरेलू मैदान पर कोई वनडे इंटरनैशनल सीरीज गंवाई थी। आर्चर, जो लगातार बेहतर प्रदर्शन करते जा रहे हैं, ने इस मैच में भी उन्होंने तीन विकेट लिए।

### ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम ने जीता यूएस ओपन का मेन्स सिंगल्स का खिताब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू यॉर्क। डोमिनिक थीम ने ऐलेक्जेंडर ज्वेरेव को ऐतिहासिक वापसी करते हुए यूएस ओपन का खिताब जीता। रविवार को पांच सेट में चले इस मैराथन मुकाबले में थीम ने अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के थीम ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ज्वेरेव को 2–6, 4–6, 6–4, 6–3, 7–6 (8६6) से हराया। यह मुकाबला 4 घंटे 2 मिनट तक चला। यूएस ओपन के ओपन एरा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोई खिलाड़ी फाइनल में पहले दो सेट हारने के बाद खिताब जीता हो। इसके साथ ही पहली बार ऐसा हुआ है कि फाइनल टाईब्रेकर से जीता हो। थीम ने जीत के बाद कहा, श्काश आज दो विजेता हो सकते। मुझे लगता है कि हम दोनों ही जीतना डिजर्व करते थे। 27 वर्षीय थीम ने पहली बार ग्रैंड स्लैम जीता। इससे पहले वह तीन बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार चुके हैं।

### भारत–चीन तकरार का बैडमिंटन पर भी हो रहा असर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। लॉकडाउन के बाद देश में खेलों ने धीरे–धीरे पटरी पर लौटना शुरू कर दिया है। लेकिन भारतीय बैडमिंटन के लिए राह आसान नहीं दिख रही है। कोविड– 19 के बीच पड़ोसी देश चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर संबंध तल्ख (प्दकपं बैपदं ब्वदं वीं) हो गए हैं और ऐसे में केंद्र सरकार ने चीन से आयात पर बैन लगा दिया है। बैडमिंटन के लिए शटल्स की आपूर्ति भी चीन से ही होती थी लेकिन अब इस बैन के चलते देश में शटल्स के स्टॉक में भारी कमी हो गई है। देश भर के बैडमिंटन खिलाड़ी यहां तक की नेशनल कैंप में अभ्यास करने वाले खिलाड़ी भी योनिक्स शटल्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन देश भर के ज्यादातर डीलरों का कहना है शटल्स का उनका स्टॉक खत्म होने की ओर है क्योंकि जून के बाद चीन से नया स्टॉक नहीं आया है।